गोरखपुर मेट्रो प्रोजेक्ट के फेज-1 का अप्रूवल मिला

चर्चा में क्यों?

1 दसिंबर, 2021 को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बताया कि पब्लकि इन्वेस्टमेंट बोर्ड (पीआईबी) की बैठक में गोरखपुर मेट्रो लाइट रेल प्रोजेक्ट के फेज-1 को अनुमोदन प्रदान किया गया।

प्रमुख बदिु

- गोरखपुर में तीन बोगियों वाली लाइट मेट्रो ट्रेन चलाने की तैयारी चल रही है। इसके लिये राइट्स व लखनऊ रेल मेट्रो कॉरपोरेशन ने डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) का अनुमोदन कर शासन को भेज दिया है।
- राज्य सरकार ने बजट में भी गोरखपुर और वाराणसी में मेट्रो के लिये 100 करोड़ रुपए आवंटित किये हैं।
- डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट में गोरखपुर महानगर में करीब 4600 करोड़ रुपए की लागत से तीन बोगियों (कार) वाली मेट्रो ट्रेन का दो रूटों में संचालन का प्रस्ताव है। पहला रूट 15.14 किमी लंबा होगा, जो श्यामनगर (बरगदवाँ के पास) से मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय तक जाएगा। इस पर कुल 14 स्टेशन होंगे।
- दूसरा रूट गुलरहिा से शुरू होकर बीआरडी मेडिकिल कॉलेज, असुरन चौक, धर्मशाला, गोलघर, कचहरी चौराहा होते हुए नौसढ़ तक जाएगा। जिसिमें कुल 13 स्टेशन होंगे।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/received-approval-of-phase-1-of-gorakhpur-metro-project